संख्या-2/1639/63-व0उ0-2014-312(एच)/90

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 02 फरवरी, 2015**

विषय:- पुनर्विनियोग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2014-15 के अन्तर्गत बजट व्यवस्था की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-377/ह0क0/वित्त/2014-15, दिनांक 03.12.2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-6 **"लेखा शीर्षक-2851 ग्राम तथा लघु उद्योग-001 निदेशन तथा प्रशासन 03-अधिष्ठान व्यय आयोजनेत्तर पक्ष में मानक मद-01-वेतन से लेखा शीर्षक-2851 तथा लघु उद्योग-05-हथकरघा क्षेत्र के प्रशिक्षणार्थियों को सहायता, छात्रवृत्तियाँ और छात्र वेतन"** में संलग्न पुनर्विनियोग प्रपत्र में अंकित लेखाशीर्षक के अनुसार रू0 2,67,000.00 (रूपया दो लाख सढ़सठ हजार मात्र) पुनर्विनियोजित कर वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का उपयोग निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग द्वारा यह सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा कि उक्त धनराशि का भुगतान प्रथम बार किया जा रहा है। उक्त धनराशि व्यय करने से पूर्व वित्त विभाग द्वारा मितव्ययिता के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों एवं नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये तथा व्यय केवल उक्त स्वीकृत मद पर ही किया जाये।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 संख्या-ई-6-752/दस-2014, दिनांक 30 दिसम्बर,2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक:-यथोक्त।

भवदीय,

जितेन्द्र कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या-1639(1)/63-व0उ0-2014-312(एच)/90, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा), प्रथम एवं द्वितीय/लेखा एवं हकदारी, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
3- वित्त (ई-6) अनुभाग/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
4- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

राज बहादुर
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in